एलायंस फॉर ग्लोबल गुड-जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी

स्रोत: पी. आई. बी.

हाल ही में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने **अलायंस फॉर ग्लोबल गुड - जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी** के लिये लोगो और वेबसाइट लॉन्च की।

- यह लैंगिक समानता की वैश्विक खोज में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत ने दावोस में 54वें वार्षिक **विश्व आर्थिक मंच** (World Economic Forum- WEF) बैठक में एलायंस फॉर ग्लोबल गुड-जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी अर्थात् "वैश्विक भलाई के लिये गठबंधन - लैंगिक समता और समानता" (Alliance for Global Good- Gender Equity and Equality) की स्थापना की,**जिसने महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिये WEF से पूर्ण समर्थन प्राप्त** किया।
    - इस गठबंधन उद्देश्य विभिन्न **सतत् विकास लक्ष्यों** के अनुरूप महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा उद्यम के चिह्नित क्षेत्रों में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं, ज्ञान साझाकरण एवं निवेश को एक साथ लाना है।
- **बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन** द्वारा समर्थित, गठबंधन को **भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) सेंटर फॉर वीमन लीडरशिप** द्वारा स्थापित तथा संचालित किया जाएगा।

और पढ़ें: अलायंस फॉर ग्लोबल गुड - जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/alliance-for-global-good-gender-equity-and-equality-1